सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 202 | इंदौर, गुरुवार 06 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

तुलसी मानस प्रतिष्ठान की बैठक, सीएम बोले-

## तुलसी साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार हो रहा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मानस भवन में तुलसी मानस प्रतिष्ठान की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने इस प्रतिष्ठान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित करने का सुझाव दिया और संबंधितों को इस पर अमल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिष्ठान से रामायण, तुलसी साहित्य और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने युवाओं और विद्वानों को जोड़ने के लिए चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थल पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। बैठक में प्रबंधकारिणी समिति के कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, संयोजक राजेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य सुरेश पचौरी एवं कैलाश जोशी समिति सदस्य एवं कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### ऑनलाइन माध्यम से रामायण और तुलसी साहित्य को जनता तक पहुंचाए

मुख्यमंत्री ने प्रतिष्ठान की आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों को इस पहल से जोड़ा जाए, जिससे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन माध्यमों से भी रामायण और तुलसी साहित्य को अधिक लोगों तक पहुंचाये। उन्होंने आगामी आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने और इनसे जनसामान्य को जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। प्रतिष्ठान की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए सुझावों पर बैठक में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। कार्याध्यक्ष शर्मा ने मानस भवन के सामने न रोड का चौड़ीकरण किए जाने और मानस भवन, हिंदी भवन और गांधी भवन के बीच अवैध निर्माण हटवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर भोपाल को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### शराबबंदी पर सरकार गंभीरता से कर रही विचार

मुख्यमंत्री ने समिति को अवगत कराया कि सरकार प्रदेश में शराबबंदी पर गंभीरता से विचार कर रही है। गीता के ज्ञान और हमारी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश में 'गीता भवन' बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार पुण्यभूमि हरिद्वार जैसे प्रबंध अब महाकाल नगरी उज्जैन में भी कराने की ओर अग्रसर है। साधु-संतों, अखाड़ों और धर्मशालाओं को उज्जैन के सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थायी प्रकृति के निर्माण कार्यों की अनुमति दी गई है। इससे स्थायी आश्रम, मठ, धर्मशालाएं, सत्संग स्थल बनाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने समिति को अवगत कराया कि भोपाल में भी स्मार्ट सिटी रोड पर टीटी नगर के पास करीब एक एकड़ भूमि में गीता भवन बनाया जाएगा।

## 52 प्लाटों की रजिस्ट्री, 14 बैंकों में खाते

# प्राइमरी टीचर के पास 8 करोड़ की संपत्ति

## EOW की रेड में बड़ा खुलासा





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के भौंती में बुधवार को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने एक प्राथमिक सहायक शिक्षक सुरेश सिंह भदौरिया के घर रेड की है। इस छापामार कार्रवाई के दौरान प्राथमिक शिक्षक के पास 8 करोड़ से अधिक की संपत्ति की जानकारी हाथ लगी है। प्राथमिक शिक्षक के खिलाफ एक शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है। शिकायत में बताया गया था कि शिक्षक के यहां पर आय से अधिक संपत्ति है।**

### पूर्व कांग्रेस विधायक के करीबी

बताया जा रहा है कि भौंती के प्राइमरी टीचर सुरेश सिंह भदौरिया भिंड जिले के रहने वाले हैं। वह वर्ग तीन के शासकीय शिक्षक है और कैडर गांव के प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ हैं। वैसे सुरेश सिंह भिंड के रहने वाले हैं। लेकिन शिक्षक बनने के बाद वह यही रहने लगे। यह भी सामने आ रहा है कि वह पिछोर के पूर्व कांग्रेस विधायक केपी सिंह के करीबी हैं। इसके साथ ही जमीनों के कारोबार से भी जुड़े हैं। वहीं, सुरेश सिंह भदौरिया पर हरिजन एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक एफआईआर दर्ज हैं।

### ईओडब्ल्यू को 8 करोड़ से अधिक की संपत्ति मिली

ईओडब्ल्यू ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि शिक्षक के नाम पर 8 करोड़ से भी ज्यादा की संपत्ति है। जिनमें दुकानें, घर, कार, सोना-चांदी, ट्रक-ट्रैक्टर और भी अन्य चीजें शामिल हैं। आय से अधिक संपत्ति के आरोप में दर्ज मामले के तहत यह कार्रवाई की गई। शिक्षक के घर से छापे में एजेंसी को एक रिहायशी भवन और 1करोड़ 70 लाख की 11 दुकानें, पिछोर रोड पर करीब 1 करोड़ की 10 दुकानें, करीब 5 करोड़ के 52 प्लॉट से संबंधित रजिस्ट्री के बारे में पता चला है।

### आय से अधिक संपत्ति हुई बरामद

ईओडब्ल्यू के अनुसार सुरेश सिंह भदौरिया ने अपने सेवाकाल में लगभग 38 लाख 4 हजार रुपए वेतन के रूप में कमाए हैं। लेकिन, छापे में मिली संपत्तियों की अनुमानित कीमत 8 करोड़ 36 लाख 32 हजार 340 रुपए है। इस प्रकार, आरोपी ने अपनी वैध आय से 7 करोड़ 98 लाख 28 हजार 340 रुपए की अधिक संपत्ति अर्जित की है। ईओडब्ल्यू को छापे के दौरान 44 भू अधिकार पुस्तिकाएं और 12 बैंक खातों की पासबुक मिली हैं। जांच एजेंसी इन दस्तावेजों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### छापे में यह संपत्ति भी मिली

इसके अलावा चल संपत्ति में 4 लाख 71 हजार 370 रुपए कैश, 2342214 रुपए कीमत का 371 ग्राम सोना, करीब 128736 रुपए की 2 किलो 826 ग्राम चांदी, एक ट्रक, एक स्कॉर्पियो, फर्नीचर, एलसीडी टीवी और एसी, एक बाइक बरामद हुए। इसकी कीमत 31 लाख 90 हजार रुपए हैं। इसके अलावा एक ट्रैक्टर, 5 थ्रेसर, एक टैंकर, चार ट्रॉली और 25 लाख के तीन कल्टीवेटर भी बरामद किए हैं।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को विभिन्न शाखाओं का सौंपा गया प्रभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को विभिन्न शाखाओं का कार्य सौंपा है।**

जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर श्री अजीत श्रीवास्तव को धार्मिक न्यास एवं देवस्थान वक्फ बोर्ड, विभागीय जांच, शिकायत शाखा, प्रभारी एवं अन्य मंत्री एवं संभाग आयुक्त से प्राप्त शिकायतों के निराकरण, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, पी.सी.एन्ड.पी.एन.डी. एक्ट , राज्य बीमारी सहायता एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रकरण, राहत शाखा, जिला चिकित्सालय रोगी कल्याण समिति तथा स्वास्थ्य अर्बन हेल्थ का प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्री चरनजीत सिंह हुड्डा को सत्कार शाखा, एसिड अनुमति, प्रेस रजिस्ट्रीकरण, आपदा प्रबंधन, अनुज्ञप्ति शाखा, पेट्रोलियम एवं एक्सप्लोसिय एक्ट के अन्तर्गत अनापत्ति प्रमाण जारी करना, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्री विनोद राठौर को नजूल शाखा, राष्ट्रीय प्राधिकरण भू अर्जन के मुआवजा प्रकरणों का भुगतान, ई-गवर्नेंस शाखा, ब्रिस्क, संस्थागत, वित्त, अल्प बचत, चिडफंड, लोक सेवा गारन्टी, जी.एम.एफ.सी. शाखा, लोक सूचना अधिकारी, लोकायुक्त आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा, लोकल बाडी, जे.सी.शाखा तथा मुकदमा नीति शाखा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती कल्याणी पाण्डेय को रीडर टू कलेक्टर शाखा, राजस्व स्थापना शाखा, एस.डब्ल्यू , लेखा शाखा, अभिलेखागार राजस्व/सामान्य, स्टेशनरी, लायबेरी एवं फार्म्स, व्यपवर्तन शाखा, शहरी सर्वेक्षण एवं शहरों के नक्शों के निर्माण एवं अद्यतीकरण, सदर वसूली बाकी नवीस शाखा, भू-अभिलेख/ भू-प्रबंधन/ शहरी सिलिंग, जनसुनवाई तथा पीएम/ सीएम एवं सी.एस. मॉनिट शाखा नोडल अधिकारी कॉल सेन्टर शाखा का कार्य दिया गया है।

इसी तरह संयुक्त कलेक्टर श्री विजय मण्डलोई को जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान का प्रभार दिया गया है। साथ ही उन्हें मध्यस्थता सेल, नागरिक सुरक्षा सम्बन्धित कार्य, विधानसभा प्रश्नों के सहायक नोडल अधिकारी, भू-अर्जन शाखा तथा लोक परिसम्पत्ति शाखा, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियंका चौरसिया को नजारत शाखा, सहायक अधीक्षक सामान्य/ राजस्व शाखा, कलेक्टर सहभागिता समिति एवं कलेक्टर हेल्प लाईन समाधान समिति, आवक-जावक शाखा, प्रतिलिपि शाखा तथा खनिज अधिकारी का प्रभार दिया गया है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रोशनी वर्धमान को वरिष्ठ लिपिक शाखा, इन्दौर सी.एस.आर. फाउण्डेशन सम्बन्धी कार्य, कॉलोनी सेल शाखा तथा म.प्र. औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन शाखा का कार्य सौंपा गया है।

प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सीमा कनेश मौर्य को हिन्दू मेरिज एक्ट विशेष विवाह अधिनियम के प्रकरणों में कार्यवाही, भारतीय नागरिकता एवं पासपोर्ट संबंधी कार्य एवं जांच, सालवेन्सी एवं नादारी, महाराष्ट्र साहित्य सभा (पर्यवेक्षण अधिकारी), पुनर्वास शाखा, समाधान ऑनलाईन, ई. आफिस कार्य प्रणाली का क्रियान्वयन, पी.जी. आर. शाखा, पेयजल आडिट शाखा, एन.जी.टी. शाखा (राष्ट्रीय हरित अभिकरण), चरित्र सत्यापन शाखा तथा समयावधि पत्र आदि शाखाओं का प्रभारी बनाया गया है।

## गांधी प्रतिमा में दरारें, अब उसे बदलने की तैयारी, नई प्रतिमा दिलाएगी स्वच्छता की याद

**इंदौर। इंदौर के रीगल तिराहे पर लगी गांधी प्रतिमा को नगर निगम बदलने की तैयारी कर रहा है। पुरानी प्रतिमा बरसो पुरानी है और उसमें दरारें भी आने लगी है। नई प्रतिमा का स्वरुप अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन निगम उसे स्वच्छता रैंकिंग में मिलने वाली प्रतिमा की तर्ज पर बना सकता है, ताकि प्रतिमा इंदौर की स्वच्छता के लिए भी याद रखी जा सके। नगर निगम को बीते सात सालों से स्वच्छता रैंकिंग के अवार्ड बतौर गांधी प्रतिमा दी जाती है।**



गांधी जयंती पर जब कांग्रेसजन गांधी प्रतिमा पर प्रार्थना सभा के लिए गए थे तो उनका ध्यान प्रतिमा के खराब हिस्सों पर गया। इससे उन्होंने निगम अफसरों को भी अवगत कराया। इसके बाद निगमायुक्त शिवम वर्मा ने भी महापौर परिषद बैठक में गांधी प्रतिमा बदलने का प्रस्ताव रखा। महापौर सदस्यों की मंजूरी के बाद इस पर मुहर लगेगी। नई प्रतिमा लगाने के अलावा रोटरी को भी संवारा जाएगा। रोटरी वाले हिस्से में काफी चूहे हो चुके है और उन्होंने कई हिस्सों को खोखला कर दिया है। रोटरी का आकार थोड़ा छोटा भी किया जा सकता है, ताकि ट्रैफिक सुचारू रुप से चल सके। नई प्रतिमा में चरखा चलाते हुए गांधी जी, या बैठे हुए गांधीजी दिखाई दे सकते है, हालांकि इस पर सहमति के बाद ही फैसला लिया जाएगा।

## विद्यार्थियों की बनेगी अपार आईडी

### अपार आईडी बनाने के कार्य में गति लाने के दिए गए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान की संयुक्त समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी डीपीसी श्री विजय कुमार मण्डलोई, जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी, समस्त एपीसी, सहायक यंत्री, समस्त बीईओ एवं समस्त बीआरसीसी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी बनाई जाना है। यह कार्य अभियान चलाकर किया जाए। जिले में अभी अपार आईडी बनाने की अत्यधिक धीमी प्रगति पर चिन्ता व्यक्त की गई। अशासकीय शालाओं के संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिवों को 07 दिवस में अपार आईडी में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय योजनाओं में जिले के प्रभारियों एवं विकासखण्ड के बीईओ एवं बीआरसीसी को निर्देशित कर समय-सीमा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा गणवेश, सायकल तथा पाठ्य पुस्तक वितरण, नामांकन, नवभारत साक्षरता, अशासकीय शालाओं की मान्यता एवं परीक्षा की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला स्तर पर कमेठी गठित कर विकासखण्ड के 10-10 शालाओं एवं छात्रावासों में औचक निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक एवं भौतिक गतिविधियों की समीक्षा की जाए। नवभारत साक्षरता में फरवरी माह में 11 ग्राम पूर्ण साक्षर एवं सितम्बर माह तक 51 ग्राम पूर्ण साक्षर बनाने पर कार्य योजना तैयार की जाए।

## एसीपी ऑफिस में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल की भी बाइक चुराई

**इंदौर।** सरवटे बस स्टैंड की पार्किंग से बाइक चोरी के फुटेज खंगालते हुए पुलिस एक चोर तक पहुंची। जब चोर को पकड़ा तो पता चला कि उसने सराफा एसीपी ऑफिस में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल की बाइक भी थाने की पार्किंग से चुरा ली थी। आरोपी के पास से हेड कॉन्स्टेबल की बाइक सहित 5 गाड़ियां मिली है। टीआई संजू कामले की टीम ने रवि पुत्र ओमप्रकाश वर्मा निवासी छोटा बागड़दा को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने पिछले दिनों सरवटे बस स्टैंड से बाइक चुराई थी। करीब 150 से अधिक सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस की टीम आरोपी तक पहुंची तो उससे एक ओर चोरी का खुलासा हुआ। जिसमें उसने बताया कि उसने पुलिसकर्मी की बाइक भी चुराई थी। रवि ने छत्रीपुरा थाने के पास बने एसीपी ऑफिस के यहां पदस्थ हेडकास्टेबल अवस्थी की बाइक चुराई थी। उन्होंने थाने के पास बाइक पार्क की थी। उसे भी रवि दूसरी चॉबी से खोलकर लेकर गया था। तब से पुलिस आरोपी का पीछा कर रही थी। इसके बाद उसने सरवटे में वारदात कर दी। पुलिस के मुताबिक रवि के ऊपर पहले के अपराध नहीं है। वह अपना खर्चा चलाने के लिए बाइक चोरी करता था।

## कृषकों के भुगतान को आसान बनाने के लिये ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण एवं समस्याओं के निराकरण के लिये प्रतिबद्ध है। किसानों की उपज का भुगतान आसान बनाने के लिये प्रदेश में ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू की गई है। कृषकों को इस प्रणाली से जोड़कर प्रत्येक भुगतान की एंट्री ई-अनुज्ञा पोर्टल पर हो रही है। व्यापारियों द्वारा इस प्रणाली का इस्तेमाल कर क्रय की गई कृषि उपज के परिवहन के लिये गेट पास बनाये जा रहे हैं। रिकॉर्ड संधारण में इस प्रणाली से बहुत लाभ हुआ है। ई-मंडी योजना, ई-अनुज्ञा प्रणाली का विस्तारित रूप है। मंडियों में इस योजना के लागू होने से मैनुअली संधारित रिकॉर्ड धीर-धीरे समाप्त हो रहा है। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण के अंदर कृषकों को प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल और भुगतान की प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिकली कैप्चर करने की प्रक्रिया है। योजना को स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट वर्ष 2023 प्रदान किया गया है।

## बच्चा, हजारों चैट और रोमांटिक तस्वीरें... उद्योगपति के घर सबूत लेकर पहुंची फ्रेंच महिला, बोली- आपके बेटे की हूं पत्नी

**इंदौर**। इंदौर में एक उद्योगपति के बेटे पर फ्रांस की रहने वाली महिला ने दुष्कर्म और धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिला नवजात बच्चे के साथ मंगलवार को पुलिस जनसुनवाई में पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी हर्षुल राय ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया। इस मामले की जांच पुलिस आयुक्त संतोष सिंह ने महिला एसीपी को सौंप दी है। एडिशनल सीपी अमित सिंह के अनुसार, पीड़िता फ्रांस की नागरिक है और कपड़ों का व्यवसाय करती है। अपने बिजनेस के सिलसिले में वह अक्सर अलग-अलग देशों की यात्रा करती रहती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात हर्षुल राय से हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और जल्द ही दोस्ती गहरी हो गई। वे लगातार ई-मेल और व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में रहे। पीड़िता के अनुसार, हर्षुल उसके दौरे की जानकारी हासिल कर वह उससे मिलने के लिए विदेशों में भी जाता था। दोनों का रिश्ता आगे बढ़ा और करीब एक साल पहले महिला गर्भवती हो गई। जब उसने यह बात हर्षुल को बताई, तो उसने पहले तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन बाद में शादी करने से साफ इनकार कर दिया। जब महिला अपने बच्चे के साथ आरोपी के घर पहुंची और उसके परिवार को पूरी सच्चाई बताई, तो पहले तो परिजनों ने इस पर विश्वास नहीं किया। लेकिन जब उसने ई-मेल, चैटिंग के हजारों पन्ने और तस्वीरें दिखाईं, तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया, लेकिन फिर भी महिला और उसके बच्चे को अपनाने से इंकार कर दिया।

## उद्योग एवं शिक्षा परामर्श कार्यशाला 7 फरवरी को

**इंदौर**। कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश शासन द्वारा उद्योग एवं शिक्षा परामर्श कार्यशाला 7 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 04.30 बजे तक ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर स्कीम नंबर 78 भाग-2 विजय नगर इंदौर में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस), मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना (MMSKY), प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस), प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली(डीएसटी), युवा संगम तथा फ्लेक्सी-एमओयू आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# शराब पीने से रोका तो सब इंस्पेक्टर को पीटा

## वीडियो बनाकर माफी भी मंगवाई

**इंदौर। शराब पीने से मना करने पर चार युवकों ने सब इंस्पेक्टर से मारपीट की। आरोपियों ने एसआई का माफी मांगते हुए वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। घटना अरबिंदो अस्पताल के पास मंगलवार सुबह करीब 5 बजे की है।**

बाणगंगा थाने में पदस्थ एसआई तेरेश्वर इक्का अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान थार में 4 लोग शराब पीते हुए मिले। उन्हें एसआई ने रोका तो नशे में विवाद करने लगे। वहीं उनका बैच और वायरलेस सेट भी छीन लिया। इसके बाद काफी देर तक वे मारपीट करते रहे। जानकारी के मुताबिक इनमें एक आरोपी विकास जोबट



जेल में पदस्थ है। घटना के बाद पुलिस ने एसआई का मेडिकल करवाया और गाड़ी नंबर के आधार पर विकास और उसके साथी को हिरासत में लिया गया है। इनके खिलाफ सरकारी काम में बाधा और मारपीट का केस दर्ज किया गया है। मारपीट के बीच विकास और उसके साथियों ने एसआई को जीप में बैठाकर माफी भी मंगवाई। उन्होंने यहां पर मेट्रो के लिए काम करने वाले मजदूरों के सामने भी एसआई पर वसूली का आरोप लगाया। इसके बाद उन्हें मौके पर छोड़कर भाग निकले। एसआई तेरेश्वर इक्का ने विकास और उसके साथियों से मारपीट और झूमाझटकी के दौरान काफी देर तक वायरलेस सेट पर मदद भी मांगी, लेकिन उन्हें मदद नहीं मिली। वहीं, घटना के दौरान सड़क से गुजर रहे लोग भी उनके बचाव के लिए नहीं रुके।

# हिंदूवादियों ने दो युवकों को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया इलाके में एक नाबालिग लड़की को सुनसान जगह पर पकड़कर ले जाने के मामले में हिंदूवादियों ने दो युवकों को पकड़ा है। बाद उन्हें थाने ले जाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पकड़ाए गए एक आरोपी पर पूर्व में आधा दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है।**

हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक राजकुमार टेटवाल ने सूचना के बाद अपने साथी मानसिंह राजावत और अन्य के साथ स्कीम नंबर 114 स्थित राजीव आवास से बिहार के दो मुस्लिम युवक शाहिद और सोनू को पकड़ा है।

टेटवाल के मुताबिक उन्हें जानकारी लगी थी कि वह नाबालिग लड़की के साथ गलत करने की कोशिश कर रहे हैं। जब वह यहां पहुंचे तो दोनों युवक नाबालिग का हाथ पकड़ उसे अंधेरे में ले जा रहे थे। लड़की को छुड़वाकर थाने पर भेजा। इस दौरान दोनों लड़के वहां से भागने लगे। जिन्हें बाद में पुलिस की मदद से पकड़ा गया। दोनों पर पूर्व में अपराध दर्ज है। शाहिद गुजरात जेल से छूटा है। इसके बाद वह इंदौर आकर रहने लगा। हिंदूवादियों ने दोनों युवकों पर नशा बेचने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# ट्रैफिक एएसआई के साथ मारपीट हो गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तेजाजी नगर में ट्रैफिक एएसआई के साथ मारपीट हो गई। ड्यूटी के दौरान उसने रॉन्ग साईड से आ रही कार को रोका। अभी ड्राइवर से पूछताछ चल ही रही थी कि वह एएसआई के पैर पर पहिया चढ़ाते हुए भाग गया। पुलिस अब कार नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। तेजाजी नगर पुलिस ने ट्रैफिक थाने में पदस्थ अजय द्विवेदी की शिकायत पर टेक्सी पासिंग कार नंबर एमपी09डीसी8057 के ड्रायवर के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट सहित अन्य धाराओं को लेकर केस दर्ज किया है। अजय ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी ड्यूटी शाम 5 से रात 10 बजे तक राऊमंडल के कट पर थी। उनका सहयोगी आरक्षक सोनू छुट्टी पर था। ब्रिज का काम चलने से शाम को ट्रैफिक का लोड ज्यादा था। इस दौरान तेजाजी नगर तरफ से आरोपी कार ड्रायवर रॉन्ग साइड से आया। उसे समझाया तो वह अपशब्द कहने लगा। इसके बाद वह उग्र हो गया। उसने वर्दी खीची जिससे बटन टूट गया। कार से डंडा निकालकर लेकर आ गया। इस दौरान तेजाजी नगर थाने पर तैनात नगर सैनिक ने बचाव किया। वह कार में बैठा और बाएं पैर पर पहिया चढ़ाते हुए तेजी से निकल गया। घटना की सूचना ट्रैफिक के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। पुलिस के मुताबिक कार प्रीतम पुत्र रमेश, निवासी गाजिंदा के नाम से रजिस्टर्ड है। जिसकी तलाश की जा रही है।

# रिश्तेदार ने बनाया शादी का दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तुकोगंज इलाके में मां के साथ रह रही विधवा महिला को उसके मुंह बोले रिश्तेदार ने छेड़छाड़ करते हुए शादी के लिए धमकाया। महिला ने थाने आकर रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। तुकोगंज पुलिस ने 35 साल की महिला की शिकायत पर हरिनारायण यादव पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि आरोपी उनका मुंहबोला रिश्तेदार है। वह तीन-चार माह से उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत कर रहा था। महिला पर पत्नी बनने का दबाव बना रहा है। आरोपी ने जबरदस्ती संबंध बनाने की कोशिश भी की। इस दौरान चिल्लाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी भाग गया। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है।

# इंग्लैंड का नागरिक बनकर इंदौर के युवक से ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जिसमें आरोपी ने वॉट्सऐप पर कॉल कर रुपए ठगे हैं। मामले में पुलिस ने आरोपी पर साइबर पोर्टल में शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की है।**

ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी मोहम्मद सोहेल को करीब 1 साल पहले वॉट्सऐप नंबर से मैसेज आया। विदेशी नंबर से आए मैसेज को लेकर व्यक्ति ने माफी मांगी। कहा कि गलती से उसे यह मैसेज चला गया है। उसने खुद को इंग्लैंड का नागरिक बताया। इसके बाद दोस्ती कर चेटिंग पर बात करते रहा। उसने खुद को बिल्डर बताया। वहीं, बच्चों के साथ भी फोटो भेजी। उसने बातों में उलझाकर कहा कि 5 दिसंबर को तुम्हारा बर्थडे है। जिसमें वह




उसे गिफ्ट देना चाहता है। सोहेल ने गिफ्ट की बात से इनकार किया तो उसने दोस्ती की बात करते हुए उसे लेने की बात कही। इसके बाद गिफ्ट पैकिंग के वीडियो बनाकर वॉट्सऐप पर शेयर किया। मोहम्मद सोहेल उसकी बातों में आ गया। इसके बाद अगले दिन एक कॉल आया और कस्टम ऑफिस का बताकर कहा कि पार्सल आ चुका है। उसमें कस्टमर ड्यूटी के नाम पर 36 हजार की डिमांड की। इसके बाद गूगल पे से रुपए भेजे। फिर दूसरे नंबर से कॉल आया। जिसमें बताया कि पार्सल स्कैन करने पर अंदर विदेशी करेंसी मिली है। जिसमें 98 हजार का फाइन लगेगा। उसके बाद पार्सल छोड़ा जाएगा। फिर रुपए देने के बाद बताया कि पार्सल सुबह आ जाएगा। लेकिन पार्सल नहीं पहुंचा। इसके बाद दूसरे दिन फिर कॉल आया और कहा गया कि पार्सल में काफी ज्यादा अमाउंट है। जिसमें कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान कार्रवाई रोकने के लिए एक लाख रुपए की डिमांड की गई। जिसमें उक्त रुपए भी सोहेल ने ऑनलाइन भेजे। इसके बाद आरोपियों और रुपए की डिमांड करने लगे। सोहेल ने परिचितों को बात बताई तो साइबर ठगी के बारे में जानकारी लगी। इसके बाद पुलिस अफसरों को मामले में शिकायत की। पुलिस अब उक्त मामले में कार्रवाई की गई।

# दवा व्यापारी को बैडमिंटन खेलते वक्त आया हार्ट अटैक

## परिवार ने आंखें और त्वचा दान की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में एक दुखद घटना सामने आई जब 45 वर्षीय दवा व्यापारी अमित चेलावत की बैडमिंटन खेलते समय अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। यह हादसा बुधवार सुबह अभय प्रशाल में हुआ, जब वे रोज की तरह खेल रहे थे। खेल के दो राउंड पूरे हो चुके थे कि अचानक उनके सीने में तेज दर्द हुआ और वे एक ओर जाकर बैठ गए। साथियों ने तुरंत उनकी स्थिति को भांपते हुए सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की, जिससे वे कुछ देर के लिए होश में आ गए। इस दौरान उन्हें तुरंत सॉर्बिट्रेट टैबलेट देने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने इसे लेने से इनकार कर दिया।**

अमित चेलावत जैन धर्म के अनुयायी थे



और नवकारसी परंपरा का पालन करते थे, जिसके अनुसार सुबह 8 बजे से पहले कुछ भी ग्रहण नहीं किया जाता। धार्मिक आस्था के कारण उन्होंने दवा लेने से मना कर दिया और जब साथियों ने जबरदस्ती दवाई देने की कोशिश की तो उन्होंने इसे दो बार मुंह से बाहर निकाल दिया। इसी बीच उन्हें दूसरा दिल का दौरा पड़ा, जिससे वे बेहोश हो गए। साथियों ने तत्काल उन्हें पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अमित चेलावत के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी आचमी अमेरिका में 5 साल के इंटीग्रेटेड कोर्स के फाइनल ईयर में पढ़ रही है, जबकि छोटी बेटी मान्या 11वीं कक्षा की छात्रा है। अमित न केवल दवा व्यवसाय से जुड़े थे, बल्कि शेयर ब्रोकिंग का भी काम करते थे और उनका ऑफिस रैफिल टावर में स्थित था।

### राहुल द्रविड़ के दोस्त हैं बड़े भाई

उनके बड़े भाई अतुल चेलावत 'मनोहर केमिस्ट' नाम से मेडिकल स्टोर चलाते हैं। परिवार से जुड़े एक और रोचक तथ्य यह है कि उनके भाई भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी राहुल द्रविड़ के दोस्त हैं। अमित के पिता का पांच साल पहले कोरोना महामारी के दौरान निधन हो गया था। अमित की मृत्यु के बाद उनके परिवार ने उनका नेत्र और त्वचा दान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस घटना से इंदौर में शोक की लहर है और यह हादसा एक बार फिर से यह सोचने पर मजबूर करता है कि दिल का दौरा किसी भी उम्र में आ सकता है और तुरंत उपचार कितना जरूरी होता है।

# छात्रा ने किया सुसाइड

इंदौर। कनाड़िया इलाके में 10वीं की छात्रा ने मंगलवार रात घर पर सुसाइड कर लिया। दरवाजा नहीं खोलने पर परिजनों ने उसे देखा। परिजनों के मुताबिक वह कोचिंग से देर से घर पहुंची थी। इस दौरान पिता ने उसे डांट लगाई। इसके बाद कमरे में जाकर उसने यह कदम उठा लिया। कनाड़िया पुलिस ने बताया कि स्नेहा(16) पुत्री सुदामा सिंह को उसके परिजन रात करीब 11 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों से बात की तो पिता ने बताया कि स्नेहा 10वीं क्लास में पढ़ाई करती है। घर के पास ही कोचिंग जाती है। रात करीब 9 बजे तक घर आ जाती है। मंगलवार को वह 10 बजे पंहुची तो उसे डांट दिया। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई।

सीएम डॉ. यादव बोले-

# युवाओं के लिए आत्मविश्वास अनुशासन और उत्साह का स्त्रोत है एनसीसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह-2025 में शामिल राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) विद्यार्थियों को अनुशासन और उत्साह प्रदान करता है। देशभक्ति, सामर्थ्य, सहयोग, सह-अस्तित्व की भावना के साथ एनसीसी की यूनिफार्म धारण करना आत्मविश्वास की विशेष अनुभूति प्रदान करता है।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर अधिक सशक्त और समर्थ होते भारत की ओर सम्पूर्ण विश्व आशा की दृष्टि से देख रहा है, इस परिदृश्य में भारतीय युवा पीढ़ी का दायित्व अधिक बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री का सेना के साथ त्यौहार मनाना हमारे सशस्त्र बल को यह विश्वास दिलाता है कि समाज और सरकार उनके साथ है। राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व ऐसे व्यक्तित्व के सानिध्य में मनाने का अवसर मिलना गर्व का विषय है, यह अवसर है हर कैडेट के लिए अविस्मरणीय होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में लगे कैम्प में 28 राज्यों और 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के 2 हजार 361 कैडेट्स का समागम हुआ। एनसीसी एकता और अनुशासन की पाठशाला है, इसके अनुभव जीवनभर कैडेट्स का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व के प्राचीनतम देशों में से एक है और यहां राष्ट्र के लिए स्वयं को बलिदान करने वालों की कमी नहीं रही है। देश और धर्म की रक्षा के लिए बच्चों द्वारा दी गई कुर्बानियों का भी भारत में लंबा इतिहास है। भारतीय सांस्कृतिक वातावरण में परिवारों से मिले उत्कृष्ट संस्कारों के माध्यम से युवाओं ने देश और समाज के लिए समर्पित भाव से योगदान दिया है। वर्तमान में विश्व का सबसे युवा देश भारत है। भारत की बौद्धिक क्षमता के बलबूते पर ही कई देश आगे बढ़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का युवा, अपने देश को विश्व में सर्वोच्च स्थान पर लाने के लिए वर्तमान समय को अनुकूल पा रहा है। स्वामी विवेकानंद के विचार थे कि 21वीं सदी भारत की होगी और निश्चित ही युवा पीढ़ी अपने समर्पण, क्षमता और योग्यता के आधार पर इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगी।

# उमा भारती बोलीं-चेक पोस्ट घोटाला गंभीर मसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके दो सहयोगी शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर को लोकायुक्त कोर्ट ने 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। ईडी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस मामले में पूर्व सीएम उमा भारती ने अब असल आरोपियों को पकड़कर सजा दिलाने की मांग की है। पूर्व सीएम उमा भारती ने ट्वीट कर लिखा- चेक पोस्ट घोटाले के आरोपी पकड़े गए हैं। अगर जांच में कहीं यह साबित होता है कि इन्होंने अकेले ही यह घोटाले किए हैं तो फिर गहराई में जाने पर यह घोटाला एक गंभीर मसला हो सकता है। उमा भारती ने लिखा- जांच एजेंसियां की दक्षता एवं निष्पक्षता पर लोगों को विश्वास है। अब उन जांच एजेंसियों के लिये यह परीक्षा की घड़ी है कि वह यह बात यहीं खत्म कर देते हैं या गहराई में जाकर असली महा अपराधियों को पकड़ कर, प्रमाण जुटा कर उन्हें कठोरतम दंड दिला लेते हैं।



## डीपीआर 15 अप्रैल तक होगी तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** उज्जैन सिंहस्थ मेला क्षेत्र के विकास के लिए आगामी 15 अप्रैल तक डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। भवन अनुज्ञा का कार्य आगामी 15 जून तक कर लिया जाएगा और 25 जून से कार्य प्रारंभ होगा। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में नगर विकास योजना की कार्ययोजना तैयार कर कार्य की शुरुआत जून 2025 से युद्ध स्तर पर की जाएगी। यहां 200 एमएलडी पेयजल क्षमता का मेला क्षेत्र में विकास किया जाएगा। सीवर नेटवर्क डिजाइन के अंतर्गत सिंहस्थ के दौरान मेला क्षेत्र में 160 एमएलडी का सीवरेज जनरेशन होगा जिसमें 100 एमएलडी क्षमता के स्थाई एसटीपी निर्माण किए जाएंगे और अस्थाई रूप से 60 एमएलडी क्षमता के सीवरेज का निष्पादन किया जाएगा। यहां होने वाले विकास कार्यों की तैयारियों की समीक्षा जापान से लौटने के बाद अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा ने की। उन्होंने उज्जैन में चल रहे कई निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया है।

# पिता के साथ खड़े बच्चे को बस ने कुचला, मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा, एजेंसी।** जिले के सिरोंज में 8 साल के बच्चे को बस ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए लोगों ने बस में आग लगा दी। घटना दोपहर करीब 3.30 बजे आरोन मार्ग पर रोहिलपुरा चौराहे के पास की है। बताया जा रहा है कि नटेरन तहसील के हिनौची निवासी कल्याण सिंह जाटव अपने बेटे सूरज जाटव के साथ सड़क किनारे खड़े थे। तभी आरोन से भोपाल की ओर जा रही शक्ति ट्रैवल्स की बस ने बच्चे को कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने बस में बैठी सवारियों को नीचे उतार लिया। इसके बाद पहले बस में तोड़फोड़ की और फिर उसमें आग लगा दी। बस सद्गुरु बस कंपनी (शक्ति ट्रांसपोर्ट) विदिशा की है। बस मालिक का नाम बन्नू सिंह है। बच्चे के पिता ईंट भट्ठे पर काम करते हैं।

## मंत्रालय घेरने नहीं गए किसान, धरना खत्म

**भोपाल।** बिजली के बढ़े रेट और फसल के कम दाम जैसे कई मुद्दों पर भोपाल पहुंचे प्रदेशभर के किसानों ने धरना खत्म कर दिया है। किसान मंत्रालय का घेराव करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा धरनास्थल पर पहुंच गए। डिप्टी सीएम ने कहा, मुझे पता लगा कि किसान वल्लभ भवन आ रहे हैं तो सरकार खुद उनके पास आ गई। डिप्टी सीएम ने किसानों की सारी मांगों को पूरा करने की बात कही। इसके बाद किसानों ने शिकायती आवेदनों से भरा झोला डिप्टी सीएम को सौंप दिया। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा, 'प्रदेश सरकार ने समय-समय पर किसानों के हित में निर्णय लिए हैं। जो भी शिकायती ज्ञापन मिले हैं, उनका जल्द समाधान किया जाएगा। किसान हमारे हैं, हम आपसे अलग नहीं हैं। हम आपके साथ खड़े हैं।' इसके बाद किसानों ने शिकायती आवेदनों से भरा झोला डिप्टी सीएम को सौंप दिया।

## आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश का नया केंद्र बन रहा है मध्यप्रदेश

**भोपाल।** सूचना प्रौद्योगिकी अब केवल एक सेक्टर नहीं, बल्कि हर उद्योग की आधारभूत आवश्यकता बन चुका है। स्वास्थ्य से लेकर कृषि, शिक्षा, उद्योग सहित हर क्षेत्र में आईटी की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश इस बदलाव का केंद्र बन रहा है, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्ट-अप्स और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी मिलकर नए अवसरों को जन्म दे रहे हैं। राज्य सरकार की आईटी और ईएसडीएम नीति, डेटा सेंटर पार्क, आईटी पार्क्स और इनक्यूबेटर्स के विकास ने मध्यप्रदेश को तकनीकी निवेश के लिए आकर्षक स्थान बनाया है। इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहर आईटी कंपनियों के नए केंद्र बन रहे हैं। टीसीएस, इनफोसिस, यश टेक्नोलॉजीज, ईंपिट्स जैसी कंपनियाँ यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुकी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 24-25 फरवरी को भोपाल में होने वाली जीआईएस में आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम सेक्टर की बड़ी कम्पनियां शामिल होंगी। जिससे मध्यप्रदेश इस सेक्टर में भी नई ऊँचाईयों को प्राप्त करेगा। डिजिटल इंडिया मिशन के साथ कदम मिलाकर मध्यप्रदेश अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, बिग डेटा, ब्लॉक-चेन और साइबर सिक्योरिटी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने की वाटरशेड यात्रा की वर्चुअल शुरुआत

## मिट्टी-पानी बचाने पर मिलेगा 20 लाख का पुरस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में अपने आवास से वाटरशेड यात्रा की वर्चुअल शुरुआत की। जल लाए धन-धान्य थीम पर आधारित वाटरशेड यात्रा 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 6 हजार 673 ग्राम पंचायतों के 13 हजार 587 गांवों तक जाएगी। यह यात्रा मिट्टी और पानी के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करेगी। वाटरशेड के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में चेक डैम, बोरी बंधान, मेढ़ बंधान, खेत तालाब जैसी कई संरचनाएं बनाई जाएंगी।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, इस विशेष अभियान को जनता का आंदोलन बनाएं, जन-जन इसमें जुड़ जाए। हम जनता के सहयोग से जल संरचनाएं बनाएं, माटी के संरक्षण की योजनाएं बनाएं। इस वाटरशेड यात्रा के दौरान पानी और माटी बचाने के लिए जनजागरण अभियान चलेगा और वाटरशेड के अंतर्गत पूर्ण किए गए कामों का लोकार्पण भी होगा और नए कामों का भूमिपूजन भी होगा। वाटरशेड महोत्सव भी मनाया जाएगा। वाटरशेड पंचायत उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी करेगी। ये वाटरशेड यात्रा देशभर में जल संचयन और भूमि संरक्षण को बढ़ावा देगी। ये यात्रा पानी और माटी बचाने के लिए ग्रामीण जनता को एक मंच भी प्रदान करेगी। शिवराज सिंह ने कहा कि, अगले 2 सालों के लिए जनभागीदारी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जा रहा है। अगर जनभागीदारी से हम बेहतर जल संरचना बनाते हैं, भूमि के क्षरण को रोकते हैं तो श्रेष्ठ काम करने वाली परियोजनाओं को अतिरिक्त 20 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए 70 करोड़ 80 लाख रुपए का प्रावधान भी किया है। हर साल 177 परियोजनाएं इससे लाभान्वित होंगी। वाटरशेड यात्रा को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जल हमारे जीवन का आधार है, जल है तो जीवन है। हम माटी से पैदा हुए और माटी में ही मिलते हैं। माटी हमारा अस्तित्व है, हमारा आधार है। इसलिए मैं आह्वान करता हूं। अपने लिए और अपनों के लिए पानी और मिट्टी बचाएं।

वाटरशेड यात्रा के दौरान 1 हजार 509 ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी और 1 हजार 640 प्रभात फेरियां भी आयोजित की जाएंगी। साथ ही 2 हजार 43 स्थानों पर भूमिपूजन और 1 हजार 999 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही 1 हजार 196 स्थानों पर श्रमदान और 557 स्थानों पर बागवानी वृक्षारोपण किया जाएगा।

## संपादकीय

# मिल्कीपुर का जातीय समीकरण भी भाजपा के पक्ष में जाता नजर आया

भाजपा और सपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी मिल्कीपुर विधान सभा सीट के उपचुनाव में बुधवार को 65.25 फीसदी वोट पड़े। 414 बूथों में कुछ पर तू-तू, मैं-मैं की घटनाओं के अलावा सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान वोटरों मे भारी उत्साह दिखा। सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। वोट डालने के लिए सुबह से ही महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मतदान के बाद हुए एग्जिट पोल संकेत दे रहे हैं कि यह सीट भाजपा के पक्ष में जा सकती है। मुख्य मुकाबला बीजेपी के चंद्रभान पासवान और समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद के बीच रहा। चैनल यूपी तक ने अपने एग्जिट पोल में पाया कि भारतीय जनता पार्टी इस सीट पर जीत दर्ज कर सकती है। यह एग्जिट पोल वरिष्ठ पत्रकारों से बातचीत पर आधारित है। इसमें कहा गया कि बीजेपी के नेताओं ने जो इस चुनाव को लेकर चौपालें की हैं उसका पूरा फायदा उन्हें मिलता हुआ दिखा। मिल्कीपुर में राम मंदिर भी एक अहम मुद्दा साबित हुआ। चैनल के अनुसार, मिल्कीपुर की जनता ने उस नेता को गंभीरता से लिया जिसने राम मंदिर की बात की। इतना ही नहीं भाजपा ने दलित और छोटे कार्यकर्ताओं को जोड़ा और चुनावी कैंपेनिंग में पूरी ताकत झोंक दी। मिल्कीपुर का जातीय समीकरण भी भाजपा के पक्ष में जाता नजर आया। यहां पासी, ब्राह्मण, और ठाकुर वोटर थे। ब्राह्मण वोटरों को साधने के लिए भाजपा ने कई स्थानीय प्रभावशाली नेताओं को प्रचार में उतारा था। सपा ने अपने PDA (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) गठजोड़ को मुख्य आधार बनाया लेकिन ऐसा लगा कि जनता ने इसकी जगह विकास को प्राथमिकता दी। चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीण इलाकों में सड़कों, किसानों की समस्याओं और सरकारी योजनाओं पर चर्चा रही। वहीं, ZEE के जीनिया एआई एग्जिट पोल में मिल्कीपुर सीट को बीजेपी के खाते में जाने की संभावना जताई गई है। इसमें दावा किया गया है कि मिल्कीपुर में भाजपा को 52 प्रतिशत वोट और सपा को 48 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। इस तरह से भाजपा मिल्कीपुर के बहाने लोकसभा चुनाव में अयोध्या में हुई हार का बदला ले सकती है। हालांकि जनता ने किसे चुना यह 8 फरवरी को ईवीएम खुलने के बाद ही साफ होगा। लेकिन अगर सपा वापसी करती है तो यह बड़ा उलटफेर होगा।

## धर्म-कर्म

# फरवरी में जया एकादशी के बाद कब है विजया एकादशी?

## जानें डेट, पूजन व व्रत पारण मुहर्त



हिंदू धर्म में हर महीने दो एकादशी व्रत रखे जाते हैं। इस तरह से वर्ष में कुल 24 एकादशी व्रत पड़ते हैं। अब फरवरी महीने में जया एकादशी व विजया एकादशी व्रत आएंगे। एकादशी व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। मान्यता है कि इस दिन सृष्टि के पालनकर्ता श्री हरि व माता लक्ष्मी की पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। जानें फरवरी में जया एकादशी व विजया एकादशी कब है, शुभ मुहूर्त व व्रत पारण का समय-

**जया एकादशी कब है 2025**:हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को जया एकादशी व्रत रखा जाता है। इस साल जया एकादशी 8 फरवरी 2025, शनिवार को है।

**जया एकादशी शुभ मुहूर्त 2025**: एकादशी तिथि 07 फरवरी 2025 को रात 09 बजकर 26 मिनट पर प्रारंभ होगी और 08 फरवरी 2025 को रात 08 बजकर 15 मिनट पर समापन होगा। इस दिन पूजन का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 05:21 से सुबह 06:13 बजे तक रहेगा। रवि योग सुबह 07:05 से शाम 06:07 बजे तक रहेगा। अमृत काल 09:31 ए एम से 11:05 ए एम तक रहेगा।

**जया एकादशी 2025 व्रत पारण मुहूर्त**: जया एकादशी व्रत का पारण 09 फरवरी 2025 को किया जाएगा। व्रत पारण का शुभ मुहूर्त सुबह 07 बजकर 04 मिनट से सुबह 09 बजकर 17 मिनट तक रहेगा।

**विजया एकादशी 2025 कब है**: हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन कृष्ण पक्ष की एकादशी को विजया एकादशी है। इस साल विजया एकादशी 24 फरवरी 2025, सोमवार को है।

**विजया एकादशी शुभ मुहूर्त 2025** : एकादशी तिथि 23 फरवरी 2025 को दोपहर 1 बजकर 55 मिनट पर प्रारंभ होगी और 24 फरवरी 2025 को दोपहर 01 बजकर 44 मिनट पर समाप्त होगी। पूजन का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 05:11 से सुबह 06:01 बजे तक रहेगा। अमृत काल दोपहर 02:07 से दोपहर 03:45 मिनट तक रहेगा।

**विजया एकादशी व्रत पारण 2025**: विजया एकादशी व्रत का पारण 25 फरवरी 2025, मंगलवार को किया जाएगा। व्रत पारण का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 50 मिनट से सुबह 09 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। पारण तिथि के दिन द्वादशी समाप्त होने का समय दोपहर 12 बजकर 47 मिनट है।

# आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए घर में रखें ये पौधे

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में कुछ पौधे रखना बेहद शुभ माना जाता है। पौधे न केवल आपके घर में ताजगी व ऑक्सीजन का स्रोत बनेंगे बल्कि पॉजिटिव एनर्जी भी बढ़ाएंगे। मान्यताओं के अनुसार, घर में कुछ लकी पौधे रखना फाइनेंशियल कंडीशन को बेहतर बना सकते हैं।

### आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए घर में रखें ये पौधे

**जेड प्लांट-** जेड प्लांट काफी लकी माना जाता है। मान्यता है इस पौधे को घर के एन्ट्रेंस पर रखने से पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है और नेगेटिव एनर्जी दूर होती है। न केवल ये



पौधा ऑक्सीजन बढ़ाएगा बल्कि सुख-समृद्धि में वृद्धि भी करेगा।

**पीस लिली-** फाइनेंशियल स्टेबिलिटी बनाए रखने के लिए आपको पीस लिली लगाना चाहिए। पीस लिली ऑफिस या घर में लगाने से सुख-समृद्धि बनी रहती है और तरक्की के मार्ग भी खुलते हैं।

**बांस का पौधा-** घर के लिए बेहद ही शुभ माना जाता है बैंबू ट्री। ईस्ट कॉर्नर में बैंबू ट्री लगाने से घर की सुख-समृद्धि बनी रहती है और पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है।

**केले का पेड़-** घर में केले का पेड़ लगाने और हर गुरूवार इसकी पूजा करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की सदैव कृपा बनी रहती है। वहीं, हर गुरूवार के दिन इस पेड़ में घी का दीपक जलाने से भाग्योदय होगा और जीवन के कष्टों का निवारण होगा।

**मनी प्लांट-** यह पौधा गुड लक अट्रैक्ट करने का काम करता है। इसलिए घर में नीले कलर की बोतल या ट्रांसपेरेंट वास में मनी प्लांट लगाएं। इस बात का ध्यान जरूर रखें की इसकी बेल नीचे की ओर न लटकने पाए।

New Delhi

# महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के कई इलाकों में तापमान 37 डिग्री पार, पहाड़ों पर हिमपात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश में वसंत में ही गर्मी का एहसास होने लगा है। देश के कई इलाकों में तापमान रफ्तार पकड़ने लगा है। महाराष्ट्र, विदर्भ, तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश और यमन के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 35-38 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। इसके अलावा दक्षिण छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय कर्नाटक, केरल और माहे के अलग-अलग हिस्सों में भी पारा 35-38 डिग्री तक पहुंच गया है।

मैदानी इलाकों में तेलंगाना के आदिलाबाद में अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो से



चार दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा।अगले दो दिनों के दौरान पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट और अगले तीन दिनों के दौरान दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। अगले चार से पांच दिनों के दौरान मध्य, पूर्व और दक्षिण भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक रहने के आसार हैं।

उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों, उत्तराखंड और बिहार से सटे इलाकों में न्यूनतम तापमान छह से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। मध्य, पूर्व और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में पारा 13-20 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

New Delhi

# पहले पति से अलग हुई महिला दूसरे हसबैंड से मांग सकती है गुजारा, सुप्रीम कोर्ट का फैसला



**नई दिल्ली, (एजेंसी) पति से अलग होने के बाद पत्नी के गुजारा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत का तेलंगाना हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया था, जिसमें CrPC की धारा 125 के तहत महिला को दूसरे पति से गुजारा मिलने से इसलिए इनकार कर दिया था, क्योंकि उन्होंने पहले पति के शादी को कानूनी रूप से खत्म नहीं किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ महिला की अपील को स्वीकार कर लिया है। जस्टिस बीवी नागरत्न और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच मामले की सुनाई कर रही थी।**

कोर्ट ने कहा, 'यह याद रखें कि CrPC की धारा 125 के तहत गुजारा का अधिकारी पत्नी को मिलने वाला फायदा नहीं है, बल्कि पति की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी है।'

अपीलकर्ता महिला ने पहले पति को औपचारिक तलाक दिए बगैर दूसरे पुरुष और इस मामले में प्रतिवादी से शादी कर ली थी। प्रतिवादी को महिला की पहली शादी के बारे में पता था। दोनों साथ रहे और एक बच्चा भी हुआ, लेकिन कलह के चलते दोनों अलग हो गए। अब महिला ने CrPC की धारा 125 के तहत गुजारा की मांग की थी, जिसे फैमिली कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

Uttarpradesh

# 'पहचान लिया है, पापा को बता दूंगी...' पिता के दोस्त ने बच्ची से किया रेप, फिर गला घोंटकर मार डाला

**कानपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के कानपुर में 12 साल की बच्ची के साथ रेप के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पिता के ही दोस्त को गिरफ्तार किया है. आरोपी, उस लड़की को गलत नीयत से ले गया था उसके साथ रेप करने की कोशिश की थी, लेकिन लड़की उसे पहचान गई. वह बोली- मैं पापा को बता दूंगी, मैं तुम्हें जान गई हूं. बस इसके बाद उसने बच्ची को बुरी तरह मारा और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. पुलिस ने बच्ची के पिता के दोस्त उदयभान को गिरफ्तार किया है. उसके बेंजाडीन टेस्ट में पुलिस को कई सबूत मिले थे. इसी के आधार पर उसकी गिरफ्तारी की गई है. दरअसल, कानपुर के महाराजपुर में 27 जनवरी को 12 साल की बच्ची लापता हो गई थी. उसकी गुमशुदगी का मामला थाने में दर्ज हुआ था. तीन दिन बाद झाड़ियों में बच्ची की लाश मिली तो हड़कंप मच गया. उससे साथ रेप करके उसकी हत्या की गई थी. घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी श्रवण कुमार ने बताया कि एक बच्ची बकरी चरा कर घर वापस आई थी, लेकिन घर से ले गई कुल बकरियों में से एक बकरी कम थी.

Rajasthan

# बिना परमिट के चल रही स्कूल बस पलटी, एक छात्रा की मौत 9 घायल

**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर के चोमू में वीर हनुमान जी पुलिया के पास प्राइवेट इंस्टिट्यूट की छात्र-छात्राओं से भरी बस पलट गई. हादसे में 12 वीं की एक छात्रा की मौके पर मौत हो गई और 9 छात्र घायल हो गए हैं. वही घटना की सूचना मिलते ही वहां आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए और राहत और बचाव कार्य में जुट गए. दुर्घटना में घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.

जब छात्रा के घर वालों को इस घटना के बारे में पता चला तो पूरे घर में कोहराम मच गया और पूरा परिवार शोक में डूब गया. घटना के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर परिजन अस्पताल में धरने पर बैठ गए हैं और करीब 5 घण्टे तक सरकारी अस्पताल में



मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया. चोमू एसीपी अशोक चौहान ने बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है. साथ ही बस मालिक और स्कूल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, जिसकी जांच की जा रही है. बस में करीब 30-40 छात्र छात्राएं सवार थे.

## खेल

ICC T20 Rankings

# अभिषेक शर्मा ने लगाई बड़ी छलांग, करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे पायदान पर पहुंचे, तिलक को पछाड़ा

**दुबई, (एजेंसी)** आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बड़ी छलांग लगाई है। वह बल्लेबाजों में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में अभिषेक ने बेहतरीन शतक जड़ा था। इसका फायदा उन्हें आईसीसी की रैंकिंग में मिला और उन्होंने 38 स्थानों की छलांग लगाई। अभिषेक के दूसरे पायदान पर पहुंचने की वजह से तिलक को अपना स्थान गंवाना पड़ा। तिलक एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए। ट्रेविस हेड टी20 बल्लेबाजों में शीर्ष पर बने हुए हैं।

हेड के पास 855 रेटिंग अंक हैं। वहीं, अभिषेक के 829 रेटिंग अंक और तिलक के 803 रेटिंग अंक हैं। चौथे नंबर पर 798 रेटिंग अंकों के साथ फिल सॉल्ट और पांचवें नंबर पर 738 रेटिंग अंकों



के साथ भारत के मौजूदा टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। इसके बाद जोस बटलर, बाबर आजम, पाथुम निसांका, मोहम्मद रिजवान और कुसल परेरा का नंबर आता है। अभिषेक के ऊपर आने की वजह से नौवें रैंक तक सभी को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है।

वहीं, भारत के यशस्वी जायसवाल तीन स्थान के नुकसान के साथ शीर्ष-10 से बाहर हो गए हैं। उनकी मौजूदा रैंकिंग 12 है। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में 54 गेंद में 13 छक्कों की मदद से 135 रन की पारी खेली थी। इसकी बदौलत भारत ने इंग्लैंड पर 4-1 से सीरीज जीत दर्ज की थी। अभिषेक शीर्ष पर काबिज हेड से बस 26 रेटिंग अंक पीछे हैं।

वहीं, टी20 गेंदबाजों में भारत के वरुण चक्रवर्ती को भी फायदा हुआ है। वरुण इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे। वह 14 विकेट लेकर सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। इसी की वजह से उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी जगह दी गई है। अब वरुण ने टी20 में तीन स्थानों की छलांग लगाई और करियर बेस्ट संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके और इंग्लैंड के आदिल रशीद के समान रेटिंग अंक हैं। दोनों के 705-705 रेटिंग अंक हैं। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन 707 रेटिंग अंक के साथ टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। चौथे स्थान पर वानिंदु हसरंगा और पांचवें स्थान पर एडम जैम्पा हैं।

भारत के रवि बिश्नोई भी एक स्थान चढ़कर छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनका रेटिंग अंक 671 है।

## सिनेमा

# शाहरुख खान की इस सुपरहिट फिल्म का बनने जा रहा है सीक्वल, फराह खान कर सकती हैं डायरेक्ट



शाहरुख खान की साल 2004 में एक फिल्म आई थी। 25 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस से 37.30 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 70.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं अब 21 साल बाद इसके सीक्वल पर काम किया जा रहा है। फराह खान की टीम और शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस की टीम मिलकर इस पर काम कर रही है। इस फिल्म का नाम 'मैं हूं ना' है। फराह खान इसके सीक्वल की स्क्रिप्ट लिख रही हैं। पिंकविला को फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, "फराह के पास इसके सीक्वल के लिए एक आइडिया है। शाहरुख को आइडिया पसंद आया है। ऐसे में सीक्वल के स्क्रीनप्ले पर काम शुरू कर दिया गया है। फराह की राइटिंग टीम और रेड चिलीज की इन-हाउस राइटिंग टीम मिलकर स्क्रीनप्ले तैयार कर रही है।" सूत्र ने आगे बताया, "शाहरुख ने साफ कर दिया है कि वह सीक्वल बनाने के लिए सीक्वल नहीं बनाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आएगी तभी वो इस फिल्म को करने के लिए तैयार होंगे।" कहा जा रहा है कि शाहरुख खान साल 2025 के मिड में फिल्म का पहला ड्राफ्ट सुनेंगे। अगर उन्हें ड्राफ्ट पसंद आएगा तभी वो इस फिल्म का हिस्सा बनेंगे।

## Highlights

1. Kejriwal's place in politics over, can beat actors in films: BJP
2. Non-bailable warrant against Baba Ramdev in misleading ads case
3. Let's wait for Feb 8, we fought well: Congress on exit polls
4. BJP engaged in electoral malpractice in Milkipur by-poll: Akhilesh
5. Goa Constable suspended for pocketing ₹17lakh collected in fines

# RBI starts interest rate deliberations amid expectations of 25-bps cut

**NEW DEIHI, (Agency).** Days after the Union Budget, the Reserve Bank of India (RBI) on Wednesday started deliberations on the monetary policy amid expectations of a 25 basis-points rate cut, which will be the first in five years, as inflation remains within central bank's comfort zone, though the sliding rupee continues to be a concern.

The Reserve Bank had last reduced the repo rate by 40 basis points to 4 per cent in May 2020 to help the economy tide over the crisis following the outbreak of the Covid pandemic and subsequent lockdown.

But in May 2022 the central bank started a rate hike cycle in view of the Russia-Ukraine war and paused it only in May 2023.




Newly appointed Reserve Bank Governor Sanjay Malhotra will be chairing his first Monetary Policy Committee (MPC) meeting starting Wednesday.

The decision of the six-member panel will be announced on Friday (February 7).

Experts opined that the situation is now conducive for a rate cut as it will complement the initiatives announced in the Union Budget to push a consumption-led demand growth.

An SBI research report said the consumer price index (CPI) based retail inflation is expected to come down to 4.5 per cent in the fourth quarter and average 4.8 per in the current financial year. It also said the January inflation numbers are trending closer to 4.5 per cent.

Given the fiscal stimulus and the uncertain impact of trade wars, RBI faces the delicate task of balancing the risks. As the fiscal stimulus plays out, the central bank at least in the short run has room for rate cuts, it said.

# Swiggy's Q3 loss widens to ₹799 crore amid rising competition from Zomato

**NEW DEIHI, (Agency).** India's Swiggy reported a wider quarterly loss on Wednesday, as the online platform poured money into its grocery delivery business to compete with rivals Zomato and Zepto.

The company reported a consolidated loss of 7.99 billion rupees ($91.40 million) for the third quarter ended Dec. 31, compared to a loss of 5.74 billion rupees a year earlier.



Companies like Swiggy and Zomato are doubling down on their quick commerce push, which aim to deliver a wide variety of goods in 10 minutes or less, by opening more warehouses from which to fulfil such orders.

Zomato, which owns quick commerce platform Blinkit, plans to double its warehouse count to 2,000 by the end of 2025, while Swiggy has previously said it plans to close the financial year with twice as many fulfilment centers as a year ago.

Swiggy's quarterly expenses jumped about 32% to 48.98 billion rupees.

The rapid expansion in quick commerce and steady food delivery demand led to its revenue from operations climbing about 31% to 39.93 billion rupees.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

**को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।**

**हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!**

**'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े ।**

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक